Email ID : ee_cd_kaushambi@yahoo.in

# उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
मंझनपुर, कौशाम्बी– 212207

डाउनलोड
जल सारथी ऐप

पत्रांक : 5597 / एम–8 / 93 दिनांक : 03/9/26

सेवा में,

जिलाधिकारी,
कौशाम्बी।

विषय– समाचार पत्र हिन्दुस्तान "तीन करोड़ की टंकी शोपीस जली मोटर से ठप जलापूर्ति" की निस्तारण आख्या के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक समाचार पत्र हिन्दुस्तान **"तीन करोड़ की टंकी शोपीस जली मोटर से ठप जलापूर्ति"** के सन्दर्भ में सादर अवगत कराना है कि विकास खण्ड– सरसवॉ की ग्राम पंचायत– शाहपुर में पेयजल योजना निर्माणाधीन है। उक्त योजना में 02 ग्राम पंचायतें क्रमशः शाहपुर एवं मुबारकपुर सम्मिलित है। योजनान्तर्गत 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग उच्च जलाशय एवं 14.450 किमी0 पाइप व 879 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। जिसके सापेक्ष वर्तमान में नलकूप बोरिंग, पम्प हाउस एवं बाउण्ड्रीवाल का कार्य 100 प्रतिशत तथा उच्च जलाशय का कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण कराया जा चुका है एवं 14.450 किमी0 पाइप लाइन बिछाकर, 735 नग गृह संयोजन प्रदान करते हुये जलापूर्ति कर योजना की टेस्टिंग एवं कमीशनिंग का कार्य कराया जा रहा था परन्तु विगत दिवस नलकूप की मोटर जल जाने के कारण जलापूर्ति बाधित हो गयी है। जनपद में अत्यधिक वर्षा से योजना के कैम्पस में जलजमाव होने के कारण नलकूप की मोटर को नही बनाया जा सका है। वर्तमान में जल निकासी की व्यवस्था कराकर 03 दिवस के अन्दर मोटर बनवाकर पुनः जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। योजना की कमीशिनिंग का कार्य पूर्ण कराकर सम्मिलित राजस्व ग्राम– शाहपुर एवं मुबारकपुर में सुचारू रूप से जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। जिसमें लगभग 01 माह का समय लगने की सम्भावना है।

आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

- मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
- मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
- अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
- मुख्य विकास अधिकारी, कौशाम्बी।
- जिला सूचना अधिकारी, कौशाम्बी।

अधिशासी अभियन्ता

| हिन्दुस्तान | कौशांबी | 3 सितंबर 2026 | पृष्ठ 4 | नकारात्मक |
| --- | --- | --- | --- | --- |

# तीन करोड़ की टंकी शोपीस जली मोटर से ठप जलापूर्ति

**पश्चिमशरीरा, संवाददाता।** जल जीवन मिशन के तहत शाहपुर मुबारकपुर गांव में करीब तीन करोड़ की लागत से बनाई गई पानी की टंकी, पंप हाउस और बाउंड्री ग्रामीणों के लिए शोपीस बन चुका है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण के बाद महज 15 से 20 दिन तक ही गांव में ठीक ढंग से पानी की आपूर्ति हुई। मोटर जल जाने से जलापूर्ति ठप हो गई और अब ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं।

स्थानीय लोगों के मुताबिक योजना के तहत गांव-गांव तक पानी पहुंचाने के लिए टंकी और पंप हाउस का निर्माण कराया गया था। इस पर करीब तीन करोड़ रुपये खर्च किए गए, लेकिन करोड़ों की लागत से बनी व्यवस्था लंबे समय से बेकार पड़ी है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि हर घर तक नल से पानी पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई योजना का लाभ गांव के लोगों को नहीं मिल पा रहा है। नाथू लाल, सुशील मिश्रा ने बताया कि मोटर जलने के बाद से पानी की आपूर्ति बंद है।